C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:07 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 12 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 24 जून 2025



पत्नी प्रियंका संग फोटो शेयर कर...पेज-3 पर

## नैनीझील की सेफ्टी दीवार अंदर से खोखली, हादसे को चूहों का न्योता

उत्तरांचल दीप
अफजल हुसैन फौजी, नैनीताल

एक कहावत है कि विशालकाय हाथी को छोटी सी चींटी धराशाई कर डालती है, वही कहावत नैनीताल की झील समेत पहाड़ों पर चरित्रार्थ हो रही है, जिसे चूहे कुतरकर खत्म कर देना चाहते हैं। चूहों ने नैनीझील की दीवारों को कुतरकर ढहाना शुरू कर दिया है। यह जानकारी चौंकाने वाली है। नैनीताल झील की सुरक्षा के लिए बनी सेफ्टी दीवार कई जगहों से गिरनी शुरू होने का क्रम पिछले कई सालों से जारी है। जिसे लेकर स्थानीय परेशान था और गहन अध्ययन किया गया तो पता चला कि इसकी वजह चूहे हैं। झील किनारे बिल बना चुके चूहे गड्ढों के लिए दीवारों को कुतर रहे हैं। मल्लीताल क्षेत्र में बोट हाउस क्लब, पंत पार्क, बैंड स्टैंड से लेकर कैपिटल सिनेमा तक की दीवारों की हालत काफी कमजोर हो चुकी है. कई जगहों पर दीवारें दरकने लगी हैं और जमीन में भी धंसाव देखा जा रहा है. स्थानीय नाविकों और दुकानदारों के मुताबिक, इन दीवारों में चूहों द्वारा बनाए गए बिलों से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। नाव मालिक समिति के सचिव नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पंत पार्क, बोट स्टैंड और झील के किनारे चूहों की संख्या तेजी से बढ़ी है. उनका मानना है कि झील के पास बिकने वाला भुट्टा (स्वीट कॉर्न) चूहों को आकर्षित कर रहा है। पर्यटक यहां बड़ी संख्या में स्वीट कॉर्न खाते हैं और उसके अवशेष झील किनारे छोड़ देते हैं, जिससे चूहों को आसानी से भोजन मिल रहा है और वे तेजी से झील किनारे पनप रहे हैं. यही चूहे अब दीवारों में बिल बनाकर उन्हें अंदर से खोखला कर रहे है। अधिक अध्ययन करने के बाद यह भी पता चला कि झील में मौजूद मछलियों का प्रभाव भी दीवारों पर पड़ रहा है. पंतनगर विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान विभाग के डॉ. आशुतोष मिश्रा के अनुसार, नैनीझील में पाई जाने वाली कॉमन कार्प मछली मिट्टी को कुरेदकर भोजन तलाशती है. यह मछली झील की तली के साथ-साथ किनारे की दीवारों को भी नुकसान पहुंचा सकती है उनके अनुसार यह भी भू-धंसाव और दीवारों के क्षरण का एक बड़ा कारण हो सकता है। इसके अलावा अन्य कारणों को भी तलाश की जा रही है।



### पालिका और सिंचाई विभाग जुटे समस्या निबटाने को

झील की सुरक्षा दीवारों को बचाने केलिए सिंचाई विभाग और नगरपालिका ने सामूहिक अभियान चलाया है। सहायक अभियंता डीडी सती ने जानकारी दी कि मल्लीताल के पंत पार्क क्षेत्र में दीवारों की मरम्मत का कार्य किया पूरा कर दिया गया है। इनके अलावा अन्य क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत भी जारी है। कि चूहों द्वारा दीवारों को नुकसान पहुंचाने की बात सामने आई है, जिसे गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका से समन्वय कर समस्या के स्थायी समाधान की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि झील की सुरक्षा दीवारों समेत अन्य क्षेत्रों में भी चूहों द्वारा पर्वतों को पहुंचाए जा रहे नुकसान को लेकर कवायद की जाएगी।

## News कॉर्नर

### घर में बल्ली में फंदा लगा युवक लटका मिला,मौत

**रुद्रपुर।** चौकी रम्पुरा क्षेत्र में एक युवक घर में ही गले में फंदा लगा बल्ली में लटका मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात को सूचना मिली कि खेड़ा कालोनी वार्ड 17 संतोषी माता मंदिर रुद्रपुर निवासी 35 वर्षीय रवि केवट पुत्र स्व.इंदर केवट घर में बल्ली में फंदा लगाकर लटका हुआ है। सूचना पर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी दिल्ली में रहती हैं और सूचना पर वह भी पहुंच गई। उन्होंने बताया कि मृतक कई साल से दिल्ली में ही पत्नी के साथ रह रहा था। पत्नी दिल्ली में रह कर काम करती है। वह एक सप्ताह पहले ही दिल्ली से यहां आया था।

### ट्रंप के एलान के बाद से जारी संशय पर विराम

## इस्राइल और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर सहमति

नई दिल्ली
एजेंसी

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि इस्राइल और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर सहमति बन गई है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा था, जब इस्राइल और ईरान अपने अंतिम मिशनों को पूरा कर लेंगे, युद्ध समाप्त माना जाएगा।

इस्राइल और ईरान ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रस्तावित युद्ध विराम योजना को स्वीकार कर लिया है। इससे पश्चिम एशिया में 12 दिनों से चल रहे युद्ध पर विराम लग गया। ट्रंप ने युद्ध विराम का एलान तेहरान की ओर से कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी सीमित मिसाइल हमलों के बाद किया था। इरान की यह कार्रवाई उसके परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमलों का जवाब थी। ट्रंप के एलान के बाद तेहरान ने इस्राइल को निशाना बनाकर मिसाइलों का अंतिम हमला किया, जिसमें मंगलवार सुबह कम से कम चार लोग मारे गए। जवाब में इस्राइल ने भी सुबह से पहले ईरान में कई जगहों पर हवाई हमले किए।



प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल ट्रंप के साथ समन्वय में ईरान के साथ द्विपक्षीय युद्ध विराम पर सहमत हो गया है। नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल ने ईरान के सैन्य नेतृत्व और कई सरकारी स्थलों को भी नुकसान पहुंचाया और तेहरान के हवाई क्षेत्र पर भी नियंत्रण हासिल कर लिया।
ट्रंप के सीजफायर के एलान के बाद सुबह 4 बजे से कुछ पहले तक ईरानी शहरों में भारी इस्राइली हमले जारी रहे।

## गोलीकांड के आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बिड़ला स्कूल के पास बीती रात हुई गोलीबारी में पुलिस के हाथ अभी खाली है हालांकि पुलिस गोली चलाने वाले आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं। गौरतलब है कि टीपीनगर इलाके में सोमवार रात अज्ञात बदमाशों ने कार सवार कैटरिंग कारोबारियों को रोककर उन पर गोली चला दी। तीन बार हुई फायरिंग में दो गोलियां एक ही कारोबारी को लगी। जबकि दो अन्य कार सवारों को बदमाशों ने ईंट और पत्थरों से मार-मारकर अधमरा कर डाला। घायलों को एसटीएच लाया गया। जहां चिकित्सकों ने गोली लगने से घायल हुए कारोबारी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश कर रही है।

सोमवार रात करीब 8 बजे मुखानी की ओर आ रहे कार सवार नीरज भगत, हरीश मेहरा, भाष्कर बोहरा और गणेश दरम्वाल निवासी चांदनी चौक, घुड़दौड़ा मुखानी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान टीपीनगर चौकी क्षेत्र में बिरला स्कूल के पास दो अज्ञात बाइक सवारों ने उनकी कार संख्या यूके 14 एस 9047 को रोका। बाइक सवारों ने एक हवाई फायर किया और इसके बाद दो गोलियां लगातार भाष्कर बोहरा के पेट और घुटने पर चला दीं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इसी बीच 20-25 बदमाश आए और कारोबारियों की कार पर लाडी-डंडो से प्रहार कर शीशे तोड़ डाले। जबकि अन्य तीन नीरज, हरीश और गणेश पर ईंट-पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। इसी बीच नीरज किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। लेकिन बदमाशों ने हरीश और गणेश को बुरी तरह पीटकर अधमरा कर दिया। गोली चलने की आवाज सुन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसी बीच बदमाश मौके से फरार हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो गोली लगने से घायल हुए भाष्कर के अलावा हरीश और गणेश को लहूलुहान हालत में एसटीएच लेकर आए। जहां गंभीर हालत होने पर भाष्कर को रेफर कर दिया। जबकि दो अन्य को उपचार चल रहा है। कोतवाल राजेश कुमार यादव का आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीमें लगाई गई है आरोपी जल्द पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## बाईकों पर सवार दबंगों ने युवक को घेराबंदी कर बेहरमी से पीटा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

विगत रात्रि आवास विकास क्षेत्र में बाईक सवार कुछ दबंग ने एक व्यक्ति से मारपीट कर उसके पास से सोने की चेन व मोबाईल लूटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद वह लोग धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। धीरेंद्र सिंह पुत्र सतवीर सिंह निवासी जगतपुरा ने पुलिस को बताया कि 21जून की शाम मित्र के साथ टहल रहा था। तभी देखा कि एक लड़का और लड़की आपस में भी गाली गलौच कर रहे थे। जिस पर लड़के को गाली-गलौच न करने के लिए टोक दिया। पता चला लड़का नशे की हालत में था तो लड़के ने उनके साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। जिससे वह नीचे गिर गये। बताया कि उक्त लड़का उसे लात से मारने की कोशिश करने लगा। लड़के ने उसका नाम लेकर कहा तुझे छोडूंगा नहीं। उक्त लड़का अटरिया मंदिर रोड नयी शक्ति विहार कॉलोनी में रहता है। धीरेन्द्र सिंह का कहना है इसी रात वह एलआईसी ऑफिस, आवास विकास के पीछे के रास्ते से गुजर रहा था तभी अचानक काफी बाईकें आकर रुकी और 15-20 लोगों ने उसे घेर लिया और उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। आरोप है हमलावरों ने उसके पास से वॉलेट और मोबाइल तथा गले में पहनी हुई लगभग 1-5 तोला सोने की चेन भी जबरन छीन ली। थाना ट्रांजिट कैंप के निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रानीखेत निवासी महिला से ऑनलाइन 50 लाख की ठगी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एक महिला ने ऑनलाइन पचास लाख रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन कुमायूं ने महिला की तहरीर पर ठगी करने वाले के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जनपद अल्मोड़ा के रानीखेत निवासी सिराज पत्नी अमीनुर रहमान ने साईबर क्राईम पुलिस कुमाऊं को तहरीर सौंपी। तहरीर में महिला कहा कि 19 जून 2025 को अपने घर पर थी तथा मेरी भांजी महनाज भी घर आयी हुयी थी। लगभग 11 बजे एक अज्ञात मोबाईल से उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने अपने को टेलीकॉम विभाग में नियुक्त बताया और कहा कि आपके फोन से अश्लील फोटो शेयर की जा रही है। इसकी शिकायत आयी है। इसके साथ ही फोन करने वाले ने कहा अगर बचना है तो एक अन्य मोबाईल नम्बर से काल आयेगी, उसे रिसीव कर लेना। महिला के मुताबिक बताए गए मोबाइल नम्बर से काल आयी। जिसने अपने को पुलिस कर्मी बताया।



उक्त पुलिस कर्मी द्वारा कहा गया कि आपके आधार कार्ड से एक फ्रड मोबाईल नम्बर जारी हुआ है,जो आपके पास सीबीआई से व्हाट्सएप काल आयेगी, वह केस से संबंधित जानकारी देगें। महिला ने बताया कि और थोडी देर बाद उसके बाद सीबीआई लोगो के नाम से व्हटसअप मैसेज, व्हाट्सएप वीडियो काल आयी। उक्त लोगों ने अपने को सीबीआई आफिसर बताया तथा पूछताछ कर जानकारी जैसे नाम, पता, बैक खाते,गहने, जमीन आदि के बारे में पूछा और कहा कि आपकी काल को डीएसपी साहब को ट्रासफर कर रहा हूँ,आगे की पुछताछ वह करेगें।इसके बाद वीडियो काल में सामने पुलिस वर्दी पहना एक व्यक्ति देखा, पीछे से अभी तक गिरफ्तार क्यों नही किया गया यह आवाज सुनाई दे रही थी। महिला ने बताया कि उसी दौरान भांजी भी उन्हें वीडियो काल पर दिखायी दी तो पूछा गया तो यह लड़की कौन है। पूछने पर बताया भांजी है जो रामनगर से घर आयी है। भांजी को भी वीडियो काल पर मौजूद रहना होगा ऐसे बोला। महिला का आरोप है कि पूछताछ के बाद कहा 2 घंटे के अंदर मुंबई पुलिस स्टेशन नहीं पहुँचोगें तो तत्काल कर लिया जाएगा। उसने पूछा क्या अपराध किया। बताया गया कि नरेश गोयल जो ह्यूमन ट्रैफिकिंग में पकडा गया है। उस गैंग में सम्मिलित पाये गये है और आधार नम्बर से वर्ष 2020 में केनरा बैक मुम्बई मेंएक बैक खाता खोला गया है। जिसमें एक बडी धनराशि की ट्रांसलेशन हुई है। महिला ने बताया कि वह उत्तराखंड में रहती हैं और मुंबई में कोई खाता नहीं खोला है। साथ ही कहा कि सीनियर सिटीजन हैं, अगर कोर्ट परमीशन देगा तो ऑनलाईन केस देख लेंगे। आपके खिलाफ मुंबई में रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसका स्क्रीनशॉट व्हटसअप पर भेजा गया।क्ष सुप्रीम कोर्ट से जारी फर्जी अरेस्ट आर्डर,फ्रीज आर्डर आदि दस्तावेज भेजे गये। उसे बताया गया कोर्ट से ऑनलाईन केस को डील करने की परमीशन मिल गयी है। कोर्ट के अनुसार कोर्ट की गाईड लाईन केस में अन्य लोगों को नहीं बताने की बात कही।केस के मामले में किसी को बताने पर वह लोग भी पकड़े जाने का भय दिखाया।मोबाइल फोन की लगातार रिकार्डिग की बात बताई। बैक खातों में जो भी एफडी,पीपीएफ इत्यादि फंड हैं,उसकी सही-सही जानकारी बतायें। इनंवेस्टीगेशन में आप निर्दोष पाये गये तो आपको क्लीरेंस सर्टिफिकेट देंगे। झांसे में आकर बैंक खातों के फंड उन्हें बता दिये। कथित सीबीआई वाले ने कहा कि सभी एफडी तोडकर बताये गये बैंक डिटेल्स में भेजना होगा। व्हटसअप नंबर पर ट्रांजेक्शन की पर्ची भेजने को कहा गया। वह काफी डर गयी थी। महिला के मुताबिक उसने बैंक पहुंच कर एकाउण्ट से व्हटसअप के माध्यम से भेजे नोटिस में अंकित एचडीएफसी बैंक के खाता संख्या में पचास लाख रुपए जमा करवा दिये गये।बाद में बैंक में बताया गया कि इसमें अभी समय लगेगा,एक दो घंटे बाद आ जाना। बाद में पता चला कि उसके साथ ऑनलाइन ठगी हो गयी। साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन कुमाऊं के निरीक्षक ने बताया कि महिला की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

# पर्यटकों की आवक ज्यादा, रेंगते रहे वाहन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में सोमवार को भारी बारिश के बाद भी पर्यटकों की आवक ज्यादा रही जिससे सुबह से शाम तक नैनीताल मॉलरोड व नैनीताल भवाली मार्ग पर वाहन रेंगते रहे। घंटों तक वाहनों के अंदर बैठे पर्यटक व स्थानीय लोग परेशान रहे। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस ने अस्थाई पार्किंग स्थलों पर यातायात रोका लेकिन उसके बाद भी शहर के अंदर यातायात अव्यवस्थित रहा।

बता दें कि सप्ताहंत के बाद भी सोमवार को नैनीताल में पर्यटकों की आवक जारी रही। नगर के पार्किंग स्थल पैक होने के बाद अपर मॉलरोड, तल्लीताल गांधी चौक, भवाली रोड और हल्द्वानी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सुबह से शाम तक यही सिलसिला चलता रहा जिससे पर्यटकों व स्थानीय लोगों को दो घंटे से ज्यादा जाम में फंसे रहना पड़ा। जिससे लोग परेशान रहे। वहीं यातायात को व्यवस्थित करने के लिए अस्थाई पार्किंग स्थलों पर वाहन रोके गए । लेकिन उसके बाद भी शाम तक व्यवस्थाएं सामान्य नहीं हुई। एसपी यातायात व अपराध ने बताया कि मस्जिद तिराहे से भवाली की ओर से आने वाले ट्रैफिक के चलते शहर व भवाली रोड पर वाहनों की कतार लगी। बताया कि शाम से भवाली से नैनीताल आने वाले यातायात को डायवर्ड कर गेठिया से रूसी की ओर भेजा गया जिसके बाद यातायात व्यवस्थित हुआ।




# NEWS / फटाफट

## पर्यावरण मित्रों ने चलाया विशेष सफाई अभियान चलाया



**नैनीताल** । नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल व अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के विशेष निर्देशन में पालिका के पर्यावरण मित्रों की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। बता दें कि सफाई अभियान सफ ाई पर्यवेक्षक कमल सिलेलान के नेतृत्व में चला जिसमें पर्यावरण मित्रों की ओर से नैनी झील किनारे बिखेरे कूड़े को साफ किया गया तथा माल रोड में अलका होटल के सामने केनडी पार्क में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कमल सिलेलान समेत पर्यावरण मित्रों ने स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों से कहा कि वह नगर को साफ व स्वच्छ बनाने में अपना अहम योगदान दें,कहा कि कूड़ा इधर-ऊधर न डालकर उसे नियमित रुप से कूड़ादान में ही डालें।

## डॉ. आलोक अरुण ने शैवाल पर जानकारी दी

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के एमएमटी टीसी तथा वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित रिफ्रेशर कोर्स जिसकी थीम रिसेंट एडवांसेज इन प्लांट साइंस है में वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के डॉ. आलोक अरुण ने शैवाल पर जानकारी दी तथा एल्गी को भोजन के रूप में ग्रहण करने को कहा । इसी क्रम में प्रो. गोविंदम गढ़वाल विश्वविद्यालय ने शैवाल की वाले भुनाया जानकारी दी । दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. राजेश टंडन ने डेवलपमेंटल जानकारी तथा मिजोरम के प्रो. श्रीकांत त्रिपाठी ने इकोसिस्टम पर पड़ रहे दवाब पर तथा उसके निराकरण की जानकारी दी । राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ योगेश जोशी ने लाईकेन तथा बी एचयू के प्रो. राम सागर ने इकोसिस्टम बचाने तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो .सुमन लखन पाल ने जीन ट्रांसफ र पर व्याख्यान दिया । कोर्स कॉर्डिनेटर प्रो. ललित तिवारी ने स्टेटस ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स पर कहा कि 2050 में औषधीय पौधे की 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी होगी। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में 156 प्रतिभागी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतिभाग देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ रितेश साह, जतिन, डॉ. मनीष बेलवाल तथा रीना दुबे तथा लवलीन कौर आदि उपस्थित रहे।

## मादा गुलदार पिंजरे में कैद हुई, रेस्क्यू सेंटर भेजा



**नैनीताल** । नैनीताल के समीपवर्ती मोरा गांव में लगे तीन पिंजरों में से एक मादा गुलदार कैद हुई है। पिंजरे में कैद गुलदार को रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। बता दें कि 31 मई (शनिवार) की देर रात्रि लगभग दस बजे मनोरा रेंज के भुजियाघाट क्षेत्र स्थित बल्यूटी ग्राम पंचायत के मोरा तोक में एक 71 साल की बुजुर्ग महिला पुष्पा देवी के घर के अंदर ही तेंदुए ने हमला बोल दिया था। तेंदुआ महिला को घर से लगभग सौ मीटर दूर तीन खेत नीचे से गया। जिसके चलते महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को देर रात्रि ही सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद से वन विभाग की टीम ने 30 ट्रैप कैमरों के साथ क्षेत्र में तीन पिंजरे लगाए थे। कई बार पिंजरों की लोकेशन बदलने के बाद आखिरकार 24 दिन के बाद क्षेत्र से एक तेन्दुआ वन विभाग पकड़ लिया है। नैनीताल वन प्रभाग की एसडीओ ममता चंद ने बताया कि पिंजरे में एक 5 साल की मादा कैद हुई है। जिसको रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। तेंदुआ आदमखोर है या नहीं इसकी पुष्टि डीएनए जांच के बाद पता चलेगा ।



# नशामुक्त भारत को लेकर थाना क्षेत्रों में नशे के विरूद्ध अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा नैनीताल जिले के समस्त थाना प्रभारियों को नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर स्थानीय लोगो को जागरूक करने व अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में सोमवार को थानाध्यक्ष भीमताल विमल कुमार मिश्रा के निर्देशन में भीमताल पुलिस द्वारा थाना भीमताल क्षेत्रान्तर्गत टैकसी स्टैण्ड व डांट क्षेत्र में नशा के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान चलाकर लोगो को जागरुक किया गया तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभावो के बारे में अवगत कराया गया। सभी से जीवन में कभी नशा न करने तथा अपने परिजनों और मित्रो को भी नशे के संबंध में जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। सभी से अपील की गई कि अपने आस पास किसी भी मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।पुलिस टीम उ0नि0 गुरविन्दर कौर,अ0उ0नि0 नरेन्द्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात लोगों ने पर्यटक पर किया धारदार हथियार से हमला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मॉल रोड ग्रेंड होटल के समीप 29 वर्षीय पर्यटक अपने अन्य मित्रों के साथ घूम रहा था। इस दौरान पर्यटक पर चार अज्ञात लोगों द्वारा किसी नुकीले हत्यार से वार कर दिया। बहुत देर तक पर्यटक चिल्लाता रहा तो कोई भी उसे अस्पताल ले जाने को तैयार नहीं था वहां से गुजर रहे मोहम्मद असद ने घायल पर्यटक को देखा तो तत्काल उसे अपनी बाइक में बैठकर बीडी पांडे जिला अस्पताल ले गए जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल परिसर द्वारा इसकी जानकारी मल्लीताल कोतवाली में दी गई। जहाँ पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। इलाज के दौरान उत्तर प्रदेश से आए पर्यटक ने बताया कि वो रविवार देर शाम मॉलरोड में घूम रहे थे। अचानक लोअर मॉल रोड से जा रहे कुछ युवाओं को किसी ने मॉल रोड से गाली दे दी। इस दौरान युवा गुस्से में में मॉल रोड सड़क पर आ गए, लेकिन तब तक पर्यटक गाली देने वाला फरार हो गया। युवकों ने घायल 29 वर्षीय कौशलेंद्र श्रीवास्तव पर हमला बोल दिया। युवाओं ने यूपी में श्रावस्ती के रहने वाले कौशलेंद्र पर किसी नुकीले हत्यार से वार किया, जिससे उसकी गर्दन पर गहरा घाव आया है और वह अपने दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आए थे। पुलिस इस हमले के मामले में आरोपियों की खोजबीन कर रही है।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# सीवर लाइनों को ठीक करने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में क्षतिग्रस्त सीवर लाइनों के संबंध में सोमवार को शहर के सभी वार्डों के सभासदों ने जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए सीवर लाइनों को शीघ्र ही ठीक करने की मांग की।

सभासदों नेकहा कि वर्तमान में नैनीताल शहर की लगभग सभी सीवर लाइनें पूर्णत- क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं। कई स्थानों पर सीवर लाइनों का पानी खुले में बह रहा है तथा पाइप लाइनों से रिसाव हो रहा है। कहा कि कई क्षेत्रों में गंदा पानी सीधे जीवनदायिनी नैनी झील में जाकर उसके पवित्र जल को प्रदूषित कर रहा है। कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी जिलाधिकारी नैनीताल, कुमाऊं आयुक्त तथा नगर पालिका परिषद तथा जल संस्थान को पत्रों और प्रतिवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है।

उन्होंने जल संस्थान से अनुरोध किया कि सभी वार्डों जा निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत और पुनर्निर्माण की योजना बनाकर कार्य शुरु किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न हो उसके लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जाए। कहा कि अगर इस संबंध में उचित कार्यवाही नहीं की जाती है तो जनांदोलन किया जाएगा जिसके लिए संबंधित विभाग जिमेदार होगा।

इस दौरान सभासद मनोज साह जगाती, अंकित चंद्रा, जितेंद्र कुमार पांडे, पूरन सिंह बिष्ट, राकेश पवार, भगवत सिंह रावत, ललिता दफ ौटी, रमेश प्रसाद तथा गीता उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# किशोरी को भगा ले जाने वाला युवक सलाखों के पीछे पहुंचा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने बगवाड़ा क्षेत्र से लापता किशोरी को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। साथ ही किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक बगवाड़ा क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 8 जून को पुलिस को सूचना दी कि उसकी नाबालिग लड़की लापता हो गई है। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि विवेचना बगवाड़ा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार कर रहे। विवेचना के दौरान किशोरी को बिहार के जिला शेखपुरा के ग्राम टेउस बरबीघा जयरामपुर निवासी रामबाबू पुत्र सिद्धेश्वर तांती का नाम प्रकाश में आया। इसके बाद आरोपी व किशोरी की तलाश शुरू की गई। एसएसआई ने बताया कि किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। चौकी प्रभारी बगवाड़ा जितेन्द्र कुमार को सूचना मिली थी कि इस पर पुलिस ने किशोरी को आरोपी युवक के साथ बरामद कर लिया। आरोपी किशोरी को घर छोड़ने आ रहा था। तभी पकड़ा गया। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक किशोरी की मुलाकात युवक से हरियाणा में झज्जर के भट्टे पर हुई थी। इसके बाद किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया था। टीम में प्रभारी चौकी बगवाड़ा जितेंद्र कुमार,एसआई महिला नेहा राणा, ललित कुमार, दीप चंद्र आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।



**कार्रवाई**

- बिहार निवासी हैं आरोपी,घर से भगा कर ले गया था

# अभिमत

## थमा नहीं सिलसिला

***अव्यवस्था से मौत का सिलसिला कब थमेगा? बेतालघाट ब्लॉक के धनियाकोट चौक बाजार निवासी दुकानदार जगमोहन सिंह की तबियत शाम को अचानक बिगड़ गई। 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को फोन किया गया। एम्बुलेंस अस्पताल पहुंचने से पहले खराब हो गई। इसके बाद निजी एम्बुलेंस से मरीज को हल्द्वानी लाने के दौरान एम्बुलेंस यातायात जाम में फंस गई। पांच घंटे में हल्द्वानी पहुंचने तक मरीज ने तड़पकर दम तोड़ दिया। पहाड़ की जिंदगी पहाड़ से भी भारी, कब हल्की होगी का उत्तर नहीं मिल रहा है।***

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था की बदतर हालत से न जाने कितने लोगों की जान जा चुकी है? अव्यवस्था से मौत का सिलसिला कब थमेगा? बेतालघाट ब्लॉक के धनियाकोट चौक बाजार निवासी दुकानदार जगमोहन सिंह की तबियत शाम को अचानक बिगड़ गई। 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को फोन किया गया। एम्बुलेंस अस्पताल पहुंचने से पहले खराब हो गई। इसके बाद निजी एम्बुलेंस से मरीज को हल्द्वानी लाने के दौरान एम्बुलेंस यातायात जाम में फंस गई। पांच घंटे में हल्द्वानी पहुंचने तक मरीज ने तड़पकर दम तोड़ दिया। पहाड़ की जिंदगी पहाड़ से भी भारी, कब हल्की होगी का उत्तर नहीं मिल रहा है। कुछ दशक पहले पर्वतीय क्षेत्र में ग्रीष्मकाल को पर्यटन सीजन माना जाता था। अब तो वीकेंड के नाम से हर मौसम में पर्यटक मौज मस्ती के लिए पहुंच रहे हैं। पृथक राज्य का गठन होने के बाद सड़कों के निर्माण की कोशिश नाकाम साबित हो रही है। पर्यटकों के वाहनों से सड़क जाम की समस्या गहराती जा रही है। मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस और शवयात्रा के वाहन जाम में फंसना आम बात हो गई है। सैकड़ों गांव में सड़क नहीं होने पर डोली में मरीज को सड़क तक पहुंचाया जाता है। गर्भवती महिलाओं को डोली में पहुंचाने और अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में प्रसव के समाचार मीडिया में प्रमुखता से प्रसारित होते हैं। मानसून सक्रिय होने पर भूस्खलन से अनगिनत सड़कों पर यातायात बाधित हो जाता है। प्रसव घर पर ही होने से जच्चा-बच्चा की जान संकट में पड़ जाती है। अनेक मामलों की जानकारी तक नहीं मिल पाती है। पर्वतीय क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी हमेशा बनी रहती है। चिकित्सालयों में अन्य कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने से हालत में सुधार किया जा सकता है। नर्स, आशा कार्यकर्ता, एएनएम सामान्य प्रसव कराने में सक्षम हैं, लेकिन ऑपरेशन से प्रसव की सुविधा पहाड़ के जिला स्तर के अस्पतालों में ही उपलब्ध है। सुदूर पर्वतीय क्षेत्र के चिकित्सालयों में स्वास्थ्य विभाग के सहायक कर्मचारियों के भरोसे अस्पतालों का संचालन हो रहा है। राज्य के बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों में डाक्टर और अन्य स्टाफ पर्याप्त है और काम का बोझ नहीं है, क्योंकि शहरों में निजी अस्पतालों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग प्राइवेट हास्पिटल पर भरोसा करता है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी नैनीताल मंडल द्वारा सोमवार को नैनीताल कलब में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक विशेष विधान सभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई जिसमें काफी संखया में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की ने सभी उपस्थित अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा नैनीताल मंडल की कार्यकारिणी के साथ मिलकर आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिह्न तथा श्री नीम करौली बाबा जी की फ ोटो एवं शॉल भेंट की। कार्यक्रम के मुखय वक्ता हल्द्वानी नगर निगम के महापौर गजराज सिंह बिष्ट रहे । उन्होंने डॉ. मुखर्जी के जीवन तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण और उनके ऐतिहासिक विचारों को विस्तार से साझा किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर देश की एकता को एक नई दिशा दी। आज भी भाजपा उन्हीं विचारों पर कार्य कर रही है और हमें इन सिद्धांतों को और आगे बढ़ाना है। विशिष्ट अतिथि के रूप में नैनीताल विधायक सरिता आर्या ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर संगठन को मजबूत बनाना है और सेवा को ही लक्ष्य मानना है।

अन्य वक्ताओं में देवेंद्र सिंह ढेला (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य) और विजय भट्ट (प्रदेश संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ) ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती, सेवा कार्यों और विचारधारा के प्रचार पर विशेष बल दिया । कार्यक्रम में नैनीताल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों/ग्राम पंचायतों और शक्ति केंद्रों से बड़ी संखया में कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। भाजपा के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता इस बलिदान दिवस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए और इसे ऐतिहासिक रूप प्रदान किया।

कार्यक्रम के अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री शांति मेहरा समेत ज्योति ढौंडियाल, सभासद भगवत सिंह रावत, लता दफ ोटी, गजाला कमाल, काजल आर्या व पूरन सिंह बिष्ट,पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, डॉ हरीश सिंह बिष्ट, बिमला अधिकारी, दया बिष्ट, हरीश राणा, रीना मेहरा, जीवंती भट्ट, आयुष भण्डारी, भारत सिंह मेहरा, कमल जोशी, प्रदीप आर्य, शैलेंद्र बर्गली, खजान सिंह डंगवाल, मनोज जोशी, संतोष कुमार, आशा आर्या, मोहती आर्या, कविता गंगोला, राधा पांडे खोलिया, सुमन माहौरी, तारा राणा, विकास जोशी, मोहत लाल साह, प्रखर, विकास जोशी, पार्थ साह, राजेन्द्र बजेठा, पंकज भट्ट, राहुल नेगी, रोहित जोशी तथा युवराज सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खनन कार्यो के खिलाफ दायर याचिका मामले में स्थिति से अवगत के आदेश

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने उधम सिंह नगर के ग्राम खुशाल पुर में अवैध रूप से किये जा रहे खनन कार्यों के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की । मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने बुधवार (25 जून) तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 25 जून (बुधवार) की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार ग्राम सरोवर नगर व खुशाल पुर जिला उधम सिंह नगर निवासी जसवंत सिंह ने उच्च में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि खनन कारोबारियों को नदियों व तालाबो में खनन करने की अनुमति दी गयी थी। तय मानकों के अनुरूप 12 से 15 फिट तक खनन करने के मानक निर्धारित तय किये गए थे। लेकिन खनन कारोबारियों के द्वारा इसका अनुपालन न करते हुए आवंटित क्षेत्रो के अलावा मानकों के खिलाफ जाकर20 से 25 फिट तक अवैध खनन कर लिया है।

# बीडी पांडे अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




लेक सिटी वेलफेयर कलब द्वारा सोमवार को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के रक्तकोष में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल एवं जिला अस्पताल की प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. द्रौपदी गर्बियाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कलब द्वारा रक्तदान आयोजन में पिता- पुत्र कमल कुमार एवं आकाश कुमार तथा मां एवं बेटी भारती साह एवं गर्वित शाह द्वारा रक्तदान की शुरुआत की गई। रक्तदान करने वालों में दिव्या शाह, रक्षिता दोदियाल, बबीता शाह, मुन्ना जोशी, निशांत पंत, जितेंद्र भट्ट, दानिश, आयुष, ललित मेहता, जनक बिष्ट, भुवन भट्ट, सिद्धार्थ कुंवर, मीनाक्षी, करण सती, प्रमोद कुमार, गंगा सिंह, जिया चौधरी, भावना बिष्ट, तुषार गंगोला, चेतना शाह, दक्ष सिंह ,अतुल भगत, मनीष बिष्ट, हर्षित अधिकारी सहित 400 लोगों ने भाग लिया इसके अलावा 35 लोगों ने रक्त का अपना परीक्षण कराया। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने लेक सिटी वेलफेयर कलब के कार्यों की प्रसन्नता करते हुए कहा कि कलब नगर में सामाजिक कार्यों में बढ़कर भागीदारी करते आ रहा है। जिला अस्पताल की प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. द्रौपदी गर्बियाल ने कहा कि रक्तदान महादान है इससे किसी की जान को बचाया जा सकता है। कलब की अध्यक्ष आभा शाह ने कहा कि कलब पिछले 15 वर्षों से नगर में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन करते आया है,भविष्य में कलब सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करते रहेगा, उन्होंने कहा नगर में किसी भी व्यक्ति को रक्तदान की जरूरत है वह लेक सिटी वेलफेयर कलब से निःकोच से संपर्क कर सकता है। कार्यक्रम संयोजक नीलम गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को कामयाब बनाने में रानी शाह, मीनाक्षी कीर्ति, दीपा पांडे, रमा भट्ट, दया कुंवर, कविता त्रिपाठी,रमा तिवारी, गीता साह, विनीता पांडे, तनु सिंह ,जया वर्मा, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, अमिता शाह, जीवंती भट्ट, मीनू बुधला कोठी, वंदना जोशी, भावना शाह, ज्योति ढोंडियाल, रेखा पंत, रेखा जोशी, डा. प्रगति जैन, खष्टी बिष्ट आदि कलब के कई सदस्य उपस्थित थे। शिविर का संचालन नीलम गुप्ता ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## पत्नी प्रियंका संग फोटो शेयर कर निक जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली



*प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस अक्सर अपने कपल गोल शेयर करते रहते हैं। दोनों एक-दूसरे को चीयर करने का भी कोई मौका नहीं छोड़ते। अब एक बार फिर निक ने प्रियंका की तारीफ की है। निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है। अब तस्वीर के साथ-साथ निक के कैप्शन ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। निक की इस तस्वीर पर फैंस ने कपल पर प्यार लुटाया है। इस बीच निक की इस पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी कमेंट किया। जो वायरल हो गया। प्रियंका चोपड़ा ने पति की पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'नो, मी।' इसके साथ ही प्रियंका ने एक इमोजी भी बनाया है। कपल के बीच इस लवली मूमेंट को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं निक की पोस्ट और प्रियंका का कमेंट दोनों ही अब वायरल हैं और लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं।*

### पति का प्ले देखने पहुंचीं थीं प्रियंका

*यह तस्वीर प्रियंका चोपड़ा के निक जोनस के प्ले 'द लास्ट फाइव इयर्स' के आखिरी शो में पहुंचने के बाद की है। अपनी आगामी एक्शन-कॉमेडी 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन में व्यस्त होने के बावजूद प्रियंका अपने पति का समर्थन करने के लिए शो पर पहुंची थीं। शो की एक झलक भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। ये एक्शन-कॉमेडी फिल्म 2 जुलाई को रिलीज होनी है।*

# बिल्डर व उद्योगपति सुधीर कुमार विंडलास को फिलहाल राहत नहीं

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के बिल्डर व उद्योगपति सुधीर कुमार विंडलास की तीसरी जमानत याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने सुधीर विंडलास व उनके दो अन्य साथियों को फिलहाल कोई राहत न देते हुए अगली सुनवाई हेतु जुलाई प्रथम सप्ताह की तिथि नियत की है। आज हुई पर सुधीर कुमार की तरफ से कहा गया कि उनकी उम्र 72 साल की हो चुकी है। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। कोर्ट के आदेश पर जेल के द्वारा उनका उपचार हिमालयन हॉस्पिटल देहरादून में हो रहा है। इसलिए उनकी जमानत याचिका पर शीघ्र सुनवाई की जाय। ताकि वे इस केश से बरी हो सके। आगे यह भी कहा है कि जिन लोगों ने उन्हें फंसाया है वे भी जेल में बंद है। उन लोगों के द्वारा फर्जी दस्तावेज बनाकर उनकी छवि खराब की है। जबकि वे देहरादून के एक सम्माननीय कारोबारी हैं। उनके द्वारा किसी तरह का फ्रॉड नही किया गया। जिन लोगों ने उनके नाम पर फ्रॉड किया वे भी जेल में बंद है। उनके द्वारा उनके नाम पर फर्जी तरीके से जमीन की शेल्ड डीड अर्जित की । उन्ही के नाम से यह कारनामा अर्जित किया। जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। फर्जी ज मीन के एक शिकायत पर राज्य सरकार ने इसकी सीबीआई से कराई जो सही पाए गए। उसकी के अनुपरूप सीबीआई कोर्ट देहरादून ने तीनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा सुनवाई। जिसे सुधीर कुमार सहित दो अन्य ने अपनी जमानत के लिए चुनौती दी।

सीबीआई की जांच के बाद विंडलास और उसके तीन साथी इस जालसाजी में आरोपी पाए गए । जिसके बाद 21 दिसंबर 2023 में सीबीआई ने सुधीर विंडलास को गिरफ्तार किया । सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में मुकदमा चलने के बाद विंडलास को कोई राहत नहीं मिली । उसकी जमानत याचिका एक साल पहले ही निरस्त कर दी।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया

**किच्छा**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा ने किच्छा में एक श्रद्धांजलि गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य वक्ता पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पंचायत चुनाव विधानसभा प्रभारी एवं दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य,सह प्रभारी भारत भूषण चुघ समेत अन्य लोगों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्य वक्ता शुक्ला ने कहा कि ﾵडॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक सशक्त और अखंड भारत के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।



कश्मीर से धारा 370 हटाना एक असंभव कार्य माना जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सपना साकार कर दिखाया। आज भारत न सिर्फ आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देता है बल्कि आतंकवाद को पनाह देने वालों को भी करारा प्रहार करता है। ब्रह्मोस मिसाइल जैसे आधुनिक हथियारों के बल पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों में आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया।दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य ने कहा कि ﾵडॉ. मुखर्जी का बलिदान हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने 'एक देश, एक विधान, एक प्रधान' का नारा देकर देश को एक सूत्र में बांधने का सपना देखा था, जिसे आज केंद्र सरकार ने साकार किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति के एक दूरदर्शी नेता थे। उनका जीवन और बलिदान देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। गोष्ठी में नगर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, पिंकी डिमरी, कमलेंद्र सेमवाल,दिग्विजय सिंह खाती, मनदीप कौर, मनमोहन सक्सेना,संजीव खन्ना, सभासद संदीप अरोड़ा,कार्यक्रम संयोजक धर्मराज जायसवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू जायसवाल, मुकेश कोली, कुलदीप बग्गा,मूलचंद राठौर, गौतम, शैली फुटेला,मीना शर्मा,दया दशीला, पूनम प्रजापति, मधु गुप्ता, सुनीता गंगवार, चंदन जायसवाल, उदयवीर, नंदकिशोर,नारायण पाठक,सैयद इफ्तार मियां, मदान मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### एनपीएस राशि का एक सप्ताह के भीतर भुगतान करने की मांग

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ नैनीताल ने सोमवार को पालिका कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया और कर्मचारियों की ओर से जमा की गई एनपीएस राशि का एक सप्ताह के भीतर भुगतान करने की मांग की। मामले को लेकर आंदोलित कर्मियों ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।
आंदोलित पर्यावरण मित्रों ने कहा कि कि नगरपालिका के कर्मचारियों की वर्ष 20200 से पूर्व का एनपीएस की राशि अल्मोड़ा अर्बन को ऑपरेटिव बैंक की मल्लीताल की शाखा में जमा की गई है। जिसका भुगतान अभी तक कर्मचारियों को नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने इस दौरान कर्मचारियों का शोषण बंद करो तथा एनपीएस की राशि वापस दो आदि नारेबाजी भी की। कर्मचारियों ने अनुरोध किया कि शीघ्र ही एनपीएस जमा राशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाए यदि भुगतान नहीं किया जाता है तो संगठन समस्त कर्मचारियों के सांथ लेखा अनुभाग के समीप धरने पर बैठने को बाध्य होगा जिसकी पूरी जिमेदारी पालिका प्रशासन की होगी। इस दौरान संघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक, उपाध्यक्ष कमल कुमार, महासचिव सोनू सहदेव, उपसचिव विक्की सिलेलान आदि कई पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

### 23वीं नैनी ओपेन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल।** पर्वतीय संस्कृतिक समिति द्वारा नैनीताल के गोवर्धन हॉल सेवा समिति में 23वीं नैनी ओपेन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 29 जून को किया जा रहा है। इस दौरान ईश्वर तिवारी ने बताया की प्रतियोगिता में करीब 70 हजार के प्राइज नगद और ट्रॉफी के रूप में रखे गए है। प्रतियोगिता स्विस लीग के आधार पर खेली जायेगी। अबतक 30 से अधिक खिलाड़ियों ने अलग अलग जगह से अपना प्रवेश किया है। प्रतियोगिता में भाग लेने कि अंतिम तिथि 27 जून है।

# पुलिस ने बनाई रील बनाने वालों रेल

## वीडियो को इंस्ट्राग्राम,व्हाट्सएप पर स्टेट्स पर लगानें में 4 गिरफ्तार, अभी कई और पुलिस की रडार पर

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

फायरिंग के आरोपी की कोर्ट में पेश करने के दौरान उसकी वीडियो बनाने के बाद एडिट कर इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप, फेसबुक पर स्टेट्स पर लगाने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस चारों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक 18 जून 2025 की रात्रि खेड़ा में बाप बेटे पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नन्दन उर्फ चंदन समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने 20 जून को अभियुक्त नन्दन उर्फ चन्दन पुत्र राजकुमार यादव निवासी खेडा रुद्रपुर को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया गया था। पुलिस के मुताबिक नंदन को को में ले जाते समय वीडियो बना कर फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप, सोशल मीडिया पर दबंग गाने का स्टेट्स लगा कर दहशत फैलाई जा रही थी। इस मामले को एसएसपी ने



**आरोप**

● अपराधी की वीडियो एडिट कर फेसबुक, इस्टाग्राम, वाट्सएप, सोशल मीडिया में वायरल कर समाज में दहशत फैलाने का आरोप

गंभीरता लेते हुए संबंधित कोतवाली को कार्रवाई के निर्देश दिए। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पुलिस ने कई लोगों को चिन्हित की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि गठित पुलिस टीम ने चिन्हित इम्तियाज पुत्र इलियाज ,निवासी- खेडा रुद्रपुर, समीर पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी रेशमबाडी उवेश पुत्र सगीर निवासी रेशमबाडी, सलमान अली पुत्र फईम, निवासी- रेशमबाड़ी को खेडा टंकी के पास से किया है। अभी कई और भी पुलिस की रडार पर है। पुलिस गिरफ्तार चारों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतुडी,एसएसआई नवीन बुधानी, चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कोहली,एसआई प्रियांशु जोशी,महेश राम आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# अखिल भारतीय आईपीएससी ताईक्वांडो प्रतियोगिता का उद्घाटन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के प्रतिष्ठ स्कूल बिड़ला विद्या मंदिर में मंगलवार को अखिल भारतीय आईपीएससी ताईक्वांडो प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित स्कूलों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, जो अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता 24 व 25 जून को होगी। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिड़ला विद्या मंदिर के सदस्य बोर्ड ऑफ गवर्नर सूरज अग्रवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ताईक्वाडो न केवल एक खेल है, बल्कि यह अनुशासन और आत्म-संयम भी सिखाता है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने खेल के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया।

बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा की गर्व है कि हमारे संस्थान में इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करेगी, बल्कि यह क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरित करेगी। प्रतियोगिता में बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल, एमिरेल हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, राजकुमार कॉलेज राजकोट, वैली स्कूल असम, संस्कार वैली स्कूल भोपाल, पेस्टल वीड स्कूल देहरादून आदि देश के प्रतिष्ठित स्कूल प्रतिभाग कर रहे हैं। इस दौरान विद्यालय के वित्त प्रबंधक संजय गुप्ता, उप प्रधानाचार्य राकेश मुलासी, खेल प्रशिक्षक पृथ्वीराज सिंह किरोला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गडिया समेत विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। संचालन जतिन ग्रोवर द्वारा किया।



# प्रेमी ने प्रेमिका की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की, युवती की शादी टूटी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की अश्लील फोटो फेसबुक पर वायरल कर दी। जिससे युवती की शादी टूट गई। मामला पुलिस के पास पहुंचा पुलिस मामले की जांच में जुटी। एक युवती की शादी से ठीक एक हफ्ते पहले उसके पूर्व प्रेमी ने अश्लील तस्वीरें और वीडियो वायरल कर रिश्ता तुड़वा दिया। आरोप है कि युवक ने युवती के मंगेतर और ससुराल पक्ष को आपत्तिजनक कंटेंट भी भेजा, जिससे वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। इस मामले में मुखानी क्षेत्र निवासी पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीती 6 जून को ओखलकांडा, खनस्यूं निवासी युवक से उसका विवाह तय हुआ था । शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, कार्ड बंट चुके थे, हॉल बुक था और कैटरिंग का भुगतान भी किया जा चुका था। इस बीच, उसके पुराने प्रेमी, चम्पावत जिले के गौलडांडा निवासी मनोज सिंह चौधरी ने सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो और मैसेज वायरल कर दिए। बीते सितंबरमाह 2024 में उसे थाने बुलाया गया था, जहां आरोपी ने परिजनों और पुलिस के सामने माफी मांगी थी। इसके बावजूद, आरोपी ने फिर से वही हरकत की और विवाह से एक हफ्ता पहले अश्लील वीडियो व फोटो मंगेतर और अन्य रिश्तेदारों को भेज दीं। इसके परिणामस्वरूप वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। युवती के अनुसार, आरोपी ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर धोखे से अश्लील सामग्री बनाई थी। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 256, 77 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही है। इस घटना से युवती के परिवार को गहरा आघात पहुंचा है, और क्षेत्र में इस कृत्य को लेकर गुस्सा है। मुखानी थाना प्रभारी दिनेश जोशी ने बताया कि आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# हड़ताली कर्मचारियों से वार्ता कर जवाब प्रस्तुत करें: कोर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने यूपीसीएल में तीनों निगमों के जूनियर इंजीनियरों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल के खिलाफ दायर जन्हहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने हड़ताली संगठन को नोटिस जारी कर जिलाधिकारी देहरादून से कहा है कि वे हड़ताली कर्मचारियों से वार्ता कर जवाब प्रस्तुत करें।

मामले के अनुसार देहरादून शिव कालोनी निवासी हरसुल शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन के तीनों निगमों के जूनियर इंजीनियर अपनी मांगों को लेकर 5 जून 2025 से हड़ताल पर हैं। अभी तक सरकार ने उनके विवाद को नही सुलझाया । जिसका खामियाजा पड़ रही भीषण गर्मी का प्रकोप निर्दोष जनता को भुगतना पड़ रहा है। यही नही विद्युत नही आने पर हॉस्पिटल, स्कूल तथा घरों के पंखे एनलकूप व अन्य परेशानी झेल रहे है जबकि अभी राज्य में चार धाम यात्रा भी चल रही है। अगर मार्गो में लाइट न हो तो कोई घटना भी घटित हो सकती है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि राज्य सरकार को निर्देश दिये जाए की इनकी हड़ताल जल्द समाप्त करवाई जाय ताकि आम नागरिकों को कोई दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## सूचना

हमारी संस्था का नाम अन्सारी कम्प्यूटर स्किल डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट सोसायटी था। जिसका नामा वर्तमान में परिवर्तित कर डिजिटल स्कॉलर्स स्किल डेवलपमेंट सोसायटी कर दिया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह उप निबंधक कार्यालय हल्द्वानी में आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**- अध्यक्ष-आफरीन**

# अवैध निर्माण पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई, किया ध्वस्तीकरण

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

रकसिया नाले की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए जा रहे अवैध निर्माण पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मौके पर ही निर्माण ध्वस्त दिया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह और उपजिलाधिकारी राहुल शाह द्वारा संयुक्त रूप से किए गए निरीक्षण में यह खुलासा हुआ कि शिव मंदिर के ऊपरी प्रवाह (अपस्ट्रीम) में रकसिया नाले के चैनलाइजेशन कार्य के दौरान नाले की भूमि पर चेतावनी के बावजूद एक नया निर्माण कार्य चालू था। नगर निगम द्वारा पहले से ही चेतावनी दिए जाने के बावजूद निर्माण नहीं रोका गया, जिसे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर तुरंत ध्वस्त करवा दिया। इसके साथ ही नाले में बनाए गए एक



सोक पिट को भी तोड़ दिया गया। नगर आयुक्त व एसडीएम ने तीन दिनों के भीतर शेष अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए हैं।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अवैध निर्माण करने वाला व्यक्ति उत्तर प्रदेश के पीलीभीत का निवासी है, जिसने स्टांप पेपर पर नाले की सरकारी भूमि को खरीदने का दावा किया था। मौके से यूपी के पहचान पत्र और कुछ दस्तावेज भी बरामद किए गए, जो भूमि धोखाधड़ी के गंभीर संकेत देते हैं। उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि दमुवादूंगा क्षेत्र के समस्त नालों की भूमि की जांच की जाए और यह भी स्पष्ट किया जाए कि कहीं अन्य स्थानों पर भी सरकारी भूमि की अवैध बिक्री या फर्जी रजिस्ट्री तो नहीं हो रही है। प्रशासन ने दो टूक चेतावनी दी है कि किसी भी नाले या सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, निर्माण या लेनदेन पूरी तरह अवैध है और इस पर ﾵशून्य सहिष्णुताﾵ की नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में फर्जीवाड़े की पुष्टि होती है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि दोषियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। ऋचा सिंह आम लोगों को चेतावनी दी है कि सरकारी व नदी नालों की भूमि न तो खरीदे नाही उस पर निर्माण करे। अगर कोई भी सरकारी भूमि पर निर्माण करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।